डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकःए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2024 / 1380 दिनांकः 22 नवम्बर. 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थाएं।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर द्वितीय चरण की परीक्षाओ में अनुचित साधन प्रयोग **(UFM)** के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर परीक्षायें जो दिनांक 23. 07. 2024 से दिनांक 27.08. 2024 के मध्य सम्पन्न कराई गई थी। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले कतिपय छात्र / छात्रा परीक्षा के दौरन अनुचित साधन प्रयोग **(UFM)** के अन्तर्गत पाये गये है, ऐसे सभी छात्र / छात्रायें अपना स्पष्टीकरण पत्र के माध्यम से **दिनांक 30 नवम्बर 2024 तक** कार्यालय के ई–मेल **aktuufm@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि सम्बन्धित छात्र / छात्रा के परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व सम्बन्धित छात्र के द्वारा प्रस्तुत पक्ष पर यू0एफ0एम0 समिति द्वारा अवलोकन करते हुए यथोचित निर्णय लिया जा सकें। यदि किसी छात्र / छात्रा द्वारा निर्धारित उक्त तिथि तक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र / छात्रा को कुछ नहीं कहना है। उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि सम्बन्धित छात्र व्दारा अपना स्पष्टीकरण देते समय अनुक्रमांक एवं संबंधित विषय कोड अवश्य लिखा जाय तथा ई–मेल केवल एक ही बार किया जाय।

अतः आप से अनुरोध है कि उपरोक्त **से** संबंधित छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यावाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

22/11/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

<u>पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।</u>
<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी, स्टूडेंट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक